**आज का दिन** 2007 में वैज्ञानिकों ने एंथेस में प्री हिस्टोरिका पीरियड के हाथी के दांत की खोज की।



# अवसर:पेंशन फंड आईपीओ से बढ़ा सकेंगे कमाई

नई दिल्ली | हिन्दुस्तान ब्यूरो

पेंशन फंड नियामक पीएफआरडीए ने पेंशन फंड को आईपीओ में निवेश करने की अनुमति दे दी है। इससे पेंशन फंड अधिक कमाई कर सकेंगे जिससे फायदा अंशधारकों को होगा। इसके पहले पीएमएफ इक्विटी घटक सिर्फ ऐसे शेयरों में निवेश कर सकते थे, जिनका पूंजीकरण 5,000 करोड़ रुपये से अधिक है और जो विकल्प तथा वायदा खंड में कारोबार के योग्य हैं। इससे फंड प्रबंधकों के लिए अवसर सीमित हो जाते हैं। अब पीएफएम आईपीओ के साथ फॉलो-ऑन सार्वजनिक पेशकश, बिक्री पेशकश में निवेश कर सकेंगे।

### बड़ी कंपनियों में होगा निवेश

पीएफआरडीए ने आईपीओ में पेंशन फंड के आंशिक निवेश की अनुमति भले दे दी है लेकिन वह शेयर बाजार को लेकर बेहद सतर्क है। पीएफआरडीए की अधिसूचना के मुताबिक पेंशन फंड का पैसा उन्हीं कंपनियों के आईपीओ में लगेगा जिनका बाजार पूंजीकरण 21415 करोड़ रुपये है। इससे अलावा बाजार पूंजीकरण का आकलन आईपीओ के न्यूनतम मूल्य दायरा के आधार पर होगा।




### अंशधारकों को होगा लाभ

एनपीएस में तय ब्याज नहीं मिलता है और इसका रिटर्न बाजार से जुड़ा होता है। ऐसे में जो अंशधारक सीधे शेयरों में निवेश करने से डरते हैं वह एनपीएस के जरिये आईपीओ का लाभ ले सकते हैं। पिछले एक साल में 38 आईपीओ बाजार में आए हैं और इनमें से 34 का भाव सूचीबद्धता की कीमत से अधिक है।

### टैक्स छूट से जोखिम कम

एनपीएस में निवेश पर 50 हजार रुपये की अतिरिक्त टैक्स छूट मिलती है। टैक्स सलाहकार के.सी.गोदुका का कहना है कि एफडी पर ब्याज दरें निम्नतम स्तर हैं। ऐसे में एनपीएस एक बेहतर विकल्प है। एनपीएस के जरिये शेयरों में निवेश पर जो जोखिम होता है उसे टैक्स छूट कम कर देती है।

### पेंशन की पूरी रकम निकालने की मंजूरी

पीएफआरडीए ने पेंशन कोष की राशि पांच लाख रुपये से कम होने की स्थिति में अंशधारकों को बिना कोई पेंशन प्लान (एन्यूटी) खरीदे समूची राशि निकालने की अनुमति दे दी है। इसके पहले एनपीएस के ग्राहकों को सेवानिवृति के समय अथवा 60 साल की आयु पूरी होने पर दो लाख रुपये का पेंशन कोष होने की स्थिति में बीमा कंपनियों द्वारा पेश की जाने वाली पेंशन योजना को खरीदना होता था।

**38** में से 34 आईपीओ के भाव सूचीबद्धता से ऊपर चल रहे

**200** शीर्ष कंपनियों के शेयरों में भी निवेश कर सकेंगे पेंशन फंड

**08** फीसदी से अधिक औसत रिटर्न मिला है एनपीएस में

### समय पूर्व 2.5 गुना निकाल सकेंगे

पेंशन नियामक ने एनपीएस से समय पूर्व निकासी सीमा को ढ़ाई गुना बढ़ाकर 2.5 लाख रुपये कर दिया है। इसके पहले एनपीएस के तहत समय पूर्व निकासी सीमा एक लाख रुपये थी। विशेषज्ञों का कहना है कि कोरोना संकट में वित्तीय मुश्किलों को देखते हुए समय पूर्व निकासी सीमा में वृद्धि एक बड़ी राहत देने वाला फैसला है।

## सेंसेक्स में 135 अंकों की गिरावट

**मुंबई।** बीएसई सेंसेक्स में बुधवार को 135 अंक की गिरावट आई। सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाले एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और कोटक बैंक में गिरावट के साथ बाजार नीचे आया।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 135.05 अंक यानी 0.26 प्रतिशत टूटकर 52,443.71 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 37.05 अंक यानी 0.24 प्रतिशत फिसलकर 15,709.40 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के शेयरों में दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ सर्वाधिक नुकसान में कोटक बैंक का शेयर रहा।

## बिजनेस आपतक

### एयरटेल का प्रीपेड प्लान 60% महंगा

**नई दिल्ली।** एयरटेल ने प्रीपेड योजनाओं में शुरुआती कीमत में करीब 60 प्रतिशत की बढ़ोतरी की। साथ ही उसने अपने 49 रुपये के शुरुआती प्रीपेड रिचार्ज को बंद कर दिया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि उसके प्रीपेड पैक अब 79 रुपये से शुरू होंगे। नई दरें 29 जुलाई से लागू होंगी।

### ड्रूम अगले साल पेश कर सकती है आईपीओ

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन वाहन मार्केट प्लेस ड्रूम का वर्तमान फंडिंग राउंड में मूल्यांकन करीब 1.2 अरब डॉलर किया गया है। कंपनी ने कहा कि एक संभावित आईपीओ के लिए डुअल-ट्रैक को फॉलो कर रही है और इसका लक्ष्य 2022 में नैस्डेक या भारत में सूचीबद्ध होना है।

### एक्सिस बैंक पर पांच करोड़ रुपये का जुर्माना

**मुंबई।** रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने साइबर सुरक्षा ढांचे सहित अपने निर्देशों के कुछ प्रावधानों के उल्लंघन के लिए एक्सिस बैंक पर पांच करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। रिजर्व बैंक द्वारा जारी निर्देशों के कुछ प्रावधानों के उल्लंघन/ गैर-अनुपालन के लिए जुर्माना लगाया गया है।

### टाटा मोटर्स यात्री वाहनों के दाम बढ़ाएगी

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स अगले सप्ताह से अपने यात्री वाहनों की पूरी श्रृंखला की कीमतों में वृद्धि करने की योजना बना रही है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि इस्पात और दूसरी कीमती धातुओं सहित कच्चे माल की खरीद लागत में बढ़ोतरी के चलते कीमतों में बढ़ोतरी जरूरी हो गई है।

25 जुलाई तक रोजाना 20.2 लाख ईवे बिल जेनरेट हुए, आर्थिक तेजी के संकेत

# ईवे बिल ने फिर पकड़ी रफ्तार

**उत्साहजनक**

नई दिल्ली | हिन्दुस्तान ब्यूरो

देश की अर्थव्यवस्था कोरोना की दूसरी लहर के झटके से बाहर निकलती हुई दिख रही है। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत जारी होने वाले ई-वे बिल के जुलाई के आंकड़े इसका स्पष्ट संकेत दे रहे हैं।

जीएसटी नेटवर्क पोर्टल के आंकड़ों के मुताबिक जुलाई महीने की 25 तारीख तक रोजाना औसतन 20.20 लाख ई-वे बिल जनरेट हुए हैं। यह इस साल अप्रैल के औसत से भी ऊपर पहुंच गया है। इसे कारोबारियों गतिविधियों के पटरी पर तेजी से आने का संकेत माना जा रहा है। जुलाई महीने में मई महीने के मुकाबले ई-वे बिल जनरेशन में 54 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई है। 25 जुलाई तक कुल 4.9 करोड़ ई-वे बिल जनरेट हो चुके हैं। वहीं, जून में 5.46 करोड़, मई में 3.99 करोड़, अप्रैल में 5.87 करोड़ और मार्च में जब रिकॉर्ड जीएसटी संग्रह हुआ था उस समय 7.12 करोड़ से ज्यादा ई-वे बिल जनरेट हुए थे।

**4.9** करोड़ बिल जेनरेट हुए 25 जुलाई तक


**54** फीसदी मई से ज्यादा ईवे बिल जुलाई में जेनरेट हुए

**50** हजार से अधिक के समान के लिए ईवे बिल जरूरी

### रोजाना औसत ई-वे बिल जनरेट

| महीना | ईवे बिल |
|---|---|
| मार्च | 22.97 |
| अप्रैल | 19.58 |
| मई | 12.89 |
| जून | 18.22 |
| *जुलाई | 20.2 |

- (आंकड़े 25 तारीख तक)
- ईवे बिल लाख रुपये में




### मार्च के बाद सबसे ऊंचा

रोजाना औसत के मामले भी मार्च के बाद जुलाई में सबसे ज्यादा ई-वे बिल जेनरेट हो रहा है। मार्च में रोजाना 22.97 लाख ई-वे बिल जनरेट किए गए थे। उसके बाद उसमें गिरावट आने लगी थी। अब 25 जुलाई तक के आंकड़े 20 लाख को पार कर गए हैं जो उत्साहजनक हैं। ईवे बिल में तेजी कारोबारियों गतिविधियों के साथ रोजगार के लिए भी अच्छा संकेत मानी जाती है।

### मई में लगा था बड़ा झटका

देश में कोरोना महामारी की दूसरी लहर मई के मध्य में अपने शिखर पर थी। इससे कारोबारी गतिविधियां सुस्त पड़ने से जीएसटी संग्रह में भी बड़ी गिरावट दर्ज हुई थी। आंकड़ों के मुताबिक मई महीने में हुए कारोबार से सिर्फ 92,849 करोड़ रुपये का ही जीएसटी संग्रह हुआ था। पिछले साल अक्तूबर के बाद पहली बार जीएसटी संग्रह एक लाख करोड़ रुपये के नीचे गया था।

### रोजगार के अवसर बढ़ेंगे

कोरोना की दूसरी लहर खत्म होने के बाद जुलाई में कारोबारी गतिविधियां सुधरने से उम्मीद लगाई जा रही है कि आने वाले महीनों में जीएसटी संग्रह से सरकार की कमाई बढ़ सकती है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर कोरोना की तीसरी लहर काबू में रहती है तो जुलाई के साथ आने वाले महीनों में अर्थव्यवस्था में और तेजी आएगी। गतिविधियों में सुधार से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

और अधिक ब्यौरे के लिए देखें : www.livehindustan.com

# पोर्टल के मुद्दे जल्द हल होंगे:वित्तमंत्री

नई दिल्ली | एजेंसी

नए आयकर पोर्टल में अब भी दिक्कतें कायम हैं। हालांकि, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उम्मीद जताई कि आयकर पोर्टल से संबंधित मुद्दों को जल्द हल कर लिया जाएगा। सीतारमण ने बुधवार को कहा कि वह नहीं चाहेंगी कि इन्फोसिस द्वारा विकसित वेबसाइट की शुरुआत ऐसी रहे, लेकिन अब उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही इन मुद्दों को हल कर लिया जाएगा।

वित्त मंत्री ने बताया कि इन्फोसिस ने सात जून को पोर्टल की शुरुआत से पहले इसको परीक्षण के तौर पर चलाया था। लेकिन प्रयोगकर्ताओं को इस पोर्टल पर दिक्कतें आ रही हैं।

सीतारमण ने कहा, मैं चाहूंगी कि ऐसा नहीं होना चाहिए था। लेकिन हम सुधार की राह पर हैं। जल्द यह पोर्टल हमारी योजना के अनुरूप काम करने लगेगा। सीतारमण ने कहा कि इन्फोसिस आईसीएआई तथा मंत्रालय के साथ इस बारे में काम कर रहे हैं। मुझे चार्टर्ड अकाउंटेंट तथा आयकर पेशेवरों से पता चला है कि पोर्टल में अब निश्चित रूप से काफी सुधार हुआ है। इन्फोसिस को अगली पीढ़ी की आयकर रिटर्न दाखिल करने की प्रणाली विकसित करने का अनुबंध मिला था। इसके पीछे मकसद आयकर रिटर्न की जांच परख की प्रक्रिया को 63 दिन घटाकर एक दिन करना है। सरकार जनवरी, 2019 से जून, 2021 तक इसके लिए 164.5 करोड़ रुपये का भुगतान कर चुकी है।

**आश्वासन**

- वेबसाइट में आ रही हैं दिक्कतें दूर करने पर काम जारी
- जल्द पोर्टल योजना के अनुरूप काम करने लगेगा

### डिजिटल भुगतान में 30% की वृद्धि

**मुंबई।** वित्त वर्ष 2020-21 में डिजिटल भुगतान में 30.19 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। नवगठित डिजिटल भुगतान सूचकांक (आरबीआई-डीपीआई) के अनुसार, मार्च 2021 के अंत में सूचकांक बढ़कर 270.59 हो गया, जो एक साल पहले 207.84 था। आरबीआई-डीपीआई सूचकांक के लिए मार्च 2018 को आधार बनाया गया था। इसमें पांच व्यापक मानदंड शामिल हैं।

## दिवाला-शोधन अक्षमता संहिता संशोधन मंजूर

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

लोकसभा ने बुधवार को दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता संशोधन विधेयक 2021 को मंजूरी दे दी जो इससे संबंधित अध्यादेश का स्थान लेगा। विधेयक को चर्चा एवं पारित होने के लिए रखते हुए कॉरपोरेट कार्य राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि दिवाला एवं शोधन अक्षमता विधेयक लागू हुए पांच साल हुए हैं। इन पांच वर्षो में देश की कारोबारी सुगमता की स्थिति सुधरी है। कारोबारी सुगमता में भारत की रैंकिंग बेहतर होकर 52वीं हो गई है। हालांकि कोविड के कारण सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम यानि एमएसएमई क्षेत्र पर कुछ दिक्कतें आईं जिससे इस संशोधन की जरूरत महसूस हुई।


कार्यालय अधीक्षण अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, वृत्त चूरू

क्रमांकः 366 दिनांकः 09.07.2021

**निविदा सूचना संख्याः 02/2021-22 वृत्त चूरू**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला चूरू में सड़क निर्माण हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान एवं राज्य सरकार के अन्य विभागों तथा केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान के ''बी'', ''ए'' एवं ''एए'' श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जायेगी। निविदा से संबंधित विवरण वेबसाइट www.dipronline.org व www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

NIB No.:- PWD2122A0696
UBN No.:-
1. PWD2122WLOB03328, 2. PWD2122WLOB03329

(सुनील कुमार कालानी)
अधीक्षण अभियंता
सानिवि, वृत्त चूरू

Dipr/c/6840/2021



Radico

रेडिको खेतान लिमिटेड

CIN : L26941UP1983PLC027278

पंजी. कार्यालय : बरेली रोड, रामपुर –244 901 (उ. प्र.)
Tel. No. : 0595-2350601/2, 2351703 Fax No. : 0595-2350009
Email ID : investor@radico.co.in, Website : www.radicokhaitan.com

**सूचना**

**(कम्पनी के इक्विटी शेयरधाराकों के ध्यानाकर्षण हेतु)**

**विषय : निवेशक शिक्षा तथा संरक्षण कोष प्राधिकरण (आईईपीएफ) में कम्पनी के इक्विटी शेयरों का अंतरण**

यह सूचना निवेशक शिक्षा तथा संरक्षण कोष प्राधिकरण (लेखा, ऑडिट, अंतरण तथा रिफंड) नियमावली, 2016, कम्पनी मामलों के मंत्रालय द्वारा अधिसूचित एवं 07 सितम्बर, 2016 से प्रभावी है, जैसा कि समय समय पर संशोधित (**"नियम"**) के अनुपालन में प्रकाशित की जा रही है।

**नियमों में, अन्य मामलों के अलावा, सभी शेयरों के हस्तांतरण के प्रावधान शामिल हैं, जिनके संबंध में लगातार सात वर्षों या उससे अधिक समय से लाभांश का भुगतान या दावा नहीं किया गया है, निवेशक शिक्षा तथा संरक्षण कोष प्राधिकरण (आईईपीएफ) में अंतरित किया जाएगा।**

नियमों में निर्धारित विभिन्न आवश्यकताओं का पालन करते हुए, कम्पनी ने अब तक आईईपीएफ प्राधिकरण को संबंधित नियत तिथियों पर, उन सभी शेयरों को स्थानांतरित कर दिया है जिनके संबंध में लाभांश, लगातार सात वर्ष या उससे अधिक की अवधि के लिए अदत्त या बेदावा रहा था। कम्पनी ने अब 16.06.2021 के अपने पत्र के माध्यम से संबंधित शेयरधारकों को व्यक्तिगत रूप से सूचित किया है उनके शेयर वित्तिय वर्ष 2021-22 हेतु उचित कार्यवाही करने के लिए आईईपीएफ प्राधिकरण को हस्तांतरित किए जाने हेतु उत्तरदायी हैं।

**कम्पनी ने अपनी वेबसाईट www.radicokhaitan.com पर शेयरधारकों और शेयरों का पूरा विवरण जो कि आईईपीएफ प्राधिकरण को हस्तांतरित होने हैं को अपलोड किया है। शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे वेबलिंक http://www.radicokhaitan.com/investorRelations/FY2021/Unclaimed Dividend.aspx पर आईईपीएफ प्राधिकरण को हस्तांतरित किए जाने वाले अदत्त लाभांश एवं शेयरों की जांच कर लें।**

शेयरधारक ध्यान दें कि अदत्त लाभांश एवं शेयर दोनों जो आईईपीएफ प्राधिकरण/आईईपीएफ खाते में स्थानांतरित किए गए हैं, जिनमें ऐसे शेयरों पर अर्जित सभी लाभ, यदि कोई हो, नियमों के तहत निर्धारित प्रक्रिया का पालन करने के बाद आईईपीएफ प्राधिकरण से उनके द्वारा वापस दावा किया जा सकता है।


संबंधित शेयरधारक, भौतिक पद्धत्ति में शेयर रखने वाले जिनके शेयर आईईपीएफ प्राधिकरण में हस्तांतरित करने हेतु उत्तरदायी हैं, ध्यान रखें कि नियमावली के अनूसार कम्पनी उस खाते में शेयरों के अंतरण के लिए उनके द्वारा धारित मूल शेयर प्रमाणपत्रों की जगह नए शेयर प्रमाणपत्र जारी करेगी तथा उनको जारी करने के बाद उनके नाम में पंजीकृत मूल शेयर प्रमाणपत्र स्वत: निरस्त हो जाएंगे तथा उसे नान–निगोशिएबल माना जाएगा। शेयरधारक पुनः यह ध्यान रखे कि कम्पनी की वेबसाइट पर अपलोड की गई विवरण नियमावली के अनुसार आईईपीएफ प्राधिकरण में शेयरों के अंतरण का उद्देश्य से कम्पनी द्वारा नए शेयर प्रमाणपत्र जारी करने के संदर्भ में पर्याप्त सूचना मानी जाएगी।

यदि कम्पनी को संबंधित शेयरधारकों से 08.10.2021 तक कोई सूचना प्राप्त नहीं होती तो कम्पनी नियमों में निर्धारित आवश्यकताओं का अनुपालन करने, नियमों के तहत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार नियत तिथि तक कॉर्पोरेट कार्यवाही के माध्यम से शेयरों को आईईपीएफ प्राधिकरण डिमैटेरियलाइज और स्थानांतरित करेगी।

यदि शेयरधारकों के पास विषय वस्तु और नियमों पर कोई प्रश्न है, तो वे **KFin Technologies Private Limited** कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट, पता : कार्वी सेलेनियम टावर बी, प्लाट 31-32, गाचीबावली फाईनेनशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुडा, हैदराबाद – 500 032, फोन : +91-40-6716517; फैक्स : +91-40-67161553; टोल फ्री नं. : 1800-3094-001, (समय सुबह 9.00 बजे से शायं 5.00 बजे तक) ईमेल : einward.ris@kfintech.com से संपर्क कर सकते हैं।

कृते रेडिको खेतान लिमिटेड
हस्ता./–
दिनेश कुमार गुप्ता
वीपी – लीगल एवं कम्पनी सचिव

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : जुलाई 28, 2021



Radico
A Fortune India 500 Company

# रेडिको खेतान लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : बरेली रोड, रामपुर-244 901 (उ.प्र.)
फोन 0595-2350601/2, 2351703 फैक्स 0595-2350009
ई-मेल: investor@radico.co.in वेबसाईट: www.radicokhaitan.com
सीआईएन : L26941UP1983PLC027278

**(सेबी (एलओडीआर) विनियम 2015 का विनियम 47 (1) (बी))**
**30 जून, 2021 को समाप्त तिमाही (स्टैंडअलोन व समेकित) का अपरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश**

(आंकड़े ₹ लाखों में) (ईपीएस के सिवाय)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन | | | | समेकित | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तिमाही समाप्त 30.06.2021 (अपरीक्षित) | तिमाही समाप्त 31.03.2021 (अपरीक्षित) | तिमाही समाप्त 30.06.2020 (अपरीक्षित) | वर्ष समाप्त 31.03.2021 (परीक्षित) | तिमाही समाप्त 30.06.2021 (अपरीक्षित) | तिमाही समाप्त 31.03.2021 (अपरीक्षित) | तिमाही समाप्त 30.06.2020 (अपरीक्षित) | वर्ष समाप्त 31.03.2021 (परीक्षित) |
| 1. | परिचालनों से कुल आय | 285300.13 | 289309.42 | 177652.67 | 1038743.49 | 284940.14 | 288698.12 | 177652.67 | 1038132.19 |
| 2. | शुद्ध लाभ (कर एवं (असाधारण मदों से पूर्व) | 7762.32 | 9443.66 | 5821.90 | 35310.16 | 7867.22 | 9442.00 | 5901.74 | 35969.60 |
| 3. | कर पूर्व शुद्ध लाभ (असाधारण मदों के बाद) | 7762.32 | 9443.66 | 5821.90 | 35310.16 | 7867.22 | 9442.00 | 5901.74 | 35969.60 |
| 4. | कर के बाद शुद्ध लाभ (असाधारण मदों के बाद) | 5982.75 | 7354.97 | 4407.29 | 27056.36 | 6087.65 | 7353.31 | 4487.13 | 27715.79 |
| 5. | अवधि हेतु कुल व्यापक आय | 5954.69 | 7397.82 | 4365.00 | 26970.12 | 6059.43 | 7399.11 | 4444.07 | 27630.20 |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रुपये 2/- प्रति) | 2671.88 | 2671.37 | 2670.69 | 2671.37 | 2671.88 | 2671.37 | 2670.69 | 2671.37 |
| 7. | अन्य इक्विटी (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित के अतिरिक्त) लेखा वर्ष 31.03.2021 के अंकेक्षित तुलन–पत्र के अनुसार | - | - | - | 173719.31 | - | - | - | 176620.21 |
| 8. | आय प्रति शेयर कर के बाद शुद्ध लाभ पर पूर्ण चुकता इक्विटी शेयर रुपये 2/- प्रति) | | | | | | | | |
| | (क) मूल : | 4.48 | 5.51 | 3.30 | 20.26 | 4.56 | 5.51 | 3.36 | 20.75 |
| | (ख) तरल : | 4.48 | 5.51 | 3.30 | 20.25 | 4.56 | 5.50 | 3.36 | 20.74 |

**टिप्पणी** : (1) 30 जून, 2021 को समाप्त तिमाही हेतु अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों (स्टैंडअलोन एवं समेकित) को जिसकी समीक्षा अंकेक्षण समिति द्वारा की गई है और इसे निदेशक मंडल ने बुधवार दिनांक 28 जुलाई, 2021 को आयोजित बैठक में अनुमोदित किया गया है। संविधिक लेखा परीक्षकों ने 30 जून, 2021 को समाप्त परिणामों की सीमित समीक्षा की है। (2) उपरोक्त सारांश तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है और सेबी (सूचीबद्ध दायित्वों और प्रकटीकरण आवश्यकताओं) विनियमन, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्स्चेंजों में दायर किया गया है। उपरोक्त वित्तीय परिणामों का संपूर्ण प्रारूप कंपनी, बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्स्चेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट अर्थात् www.radicokhaitan.com, www.bseindia.com और www.nseindia.com पर उपलब्ध है। (3) यह कथन कपनियां (भारतीय लेखा मानकों) नियम, 2015 (आईएनडी–एएस) के अनुपालन में कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 और अन्य मान्यताप्राप्त लेखा मानकों और नीतियों के अनुसार लागू सीमा के अनुसार तैयार की गई है।

कृते रेडिको खेतान लिमिटेड
हस्ता./–
डा. ललित खेतान
चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर
डीआईएन सं. 00238222

नई दिल्ली
28.07.2021



सेक्सुल प्रॉब्लम का समाधान

खोई हुई ताकत जोश और जवानी दुबारा पाएं

बचपन की गलतियों के कारण, नसों की कमज़ोरी, इन्द्री में छोटापन, पतलापन, इन्द्री में तनाव न आना, सेक्स की बातें करने से चिपचिपा पदार्थ जाना (वीर्य जाना), नपुसंकता, शीघ्रपतन, धात्, स्वप्नदोष, शुक्राणु कम आयुर्वेद और यूनानी है तो इलाज 99 प्रतिशत मुमकिन है।

गुप्त रोगों के लिए प्रसिद्ध — सेहत बनाएं मात्र 30 दिन में

एस.एम दवाखाना
वाजिद नगर काम्पलैक्स, चड्डा सिनेमा रोड (प्रिंस रोड), मुरादाबाद
CALL/WHATSAPP NOW 8057111187



## कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, रामपुर।

पत्रांक-सी०एम०ओ०/निविदा/वाहन/2021-22/2203 दिनांक-27.07.2021

**वाहन निविदा सूचना**

इस कार्यालय द्वारा एन०एच०एम० के अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत वर्ष 2021-22 में वाहन व्यवस्था हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से बिड / निविदा आमंत्रित की गयी है, जिसे दिनांक 29.07.2021 को खोला जाना था किन्तु कतिपय कारणोवश अब यह विड / निविदा दिनांक 05.08.2021 को अपरान्ह 03:00 बजे कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, रामपुर पर ऑनलाइन खोली जायेगी। यह विड/निविदा दिनांक 04.08.2021 की सांय 05:00 बजे तक डाउनलोड / अपलोड की जा सकती है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
रामपुर।



## भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान

(वि. अ. आयोग अधिनियम 1956 की धारा 3 के अधीन मानित विश्वविद्यालय घोषित)
(भारत सरकार, अंतरिक्ष विभाग के तहत स्वायत संस्थान)
वलियमला, तिरुवनंतपुरम 695 547, केरल

**पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश**

**पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश (किसी भी समय) के लिए ऑनलाइन रूप से आवेदन आमंत्रित किए जाते है।**

**आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन रूप से की जाएगी**

- ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र भरना प्रारंभ होने की तिथि : 29.07.2021
- ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र भरने की अंतिम तिथि : 17.08.2021
- ऑनलाइन लिखित छानबीन परीक्षा की तिथि : 25.08.2021 *
- साक्षात्कार की तिथि : 31.08.2021 *

*ये तिथियां संभाव्य हैं और देश में कोविड-19 महामारी की स्थिति के अनुसार बदल सकती है।

ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र एवं अधिक जानकारी के लिए, कृपया http://admission.iist.ac.in देखें।
संपर्क सूत्र 0471- 2568477/618/418, फैक्स सं. 0471-2568556
ई मेलः admissions@iist.ac.in

डीन (शैक्षिकी)



## कार्यालय जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा), मुरादाबाद

पत्रांक-1382/डूडा/2021-2022/ दिनांक-28.07.2021

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत कांठ में पड़े स्क्रेप 71 मानव चलित रिक्शा (न्यूनतम बोली की धनराशि रु० 35,862.00) जहॉ है, जैसे है के आधार पर खुली नीलामी दिनांक 04.08.2021 को अपरान्ह 11:30 बजे निर्धारित कमेटी के समक्ष स्थान नगर पंचायत कार्यालय कॉठ में की जानी है, बोली बोलने के इच्छुक आवेदनकर्ताओ / अधिकृत फर्मों के द्वारा दिनांक 04.08.2021 को समय 11:30 बजे तक से पूर्व अंकन धनराशि रु० 4000.00 की धरोहर राशि कार्यालय नगर पंचायत कॉठ में जमा कर बोली बोलने हेतु अधिकृत होगे, उच्चतम बोलीदाता की बोली स्थल पर ही बोली की 100 प्रतिशत धनराशि जमा कर स्क्रैप उठा सकेगे, नीलामी की कार्यवाही किसी समय भी स्थगित / निरस्त करने का अधिकार नगर आयुक्त / परियोजना निदेशक मुरादाबाद को होगा।

परियोजना अधिकारी
जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा)
मुरादाबाद।


मुद्रक तथा प्रकाशक राजीव बेओतरा द्वारा हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड (एच एम वी एल) के पक्ष में हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड प्रेस, निकट पुलिस चौकी लाकड़ी फाजलपुर, मिनी बाईपास, मुरादाबाद-244001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड, निकट पुलिस चौकी लाकड़ी फाजलपुर, मिनी बाईपास, मुरादाबाद-244001 (उ.प्र.) से मुद्रित।

प्रधान सम्पादक : शशि शेखर   कार्यकारी सम्पादक : प्रताप सोमवंशी   दूरभाष : मुरादाबाद 9105566633 फैक्स : (0591) 2485699   आर.एन.आई. नं. UPHIN/2012-46845

* सम्पादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अन्तर्गत उत्तरदायी।